8. विशेषण

विशेषण विशेषता बताने का कार्य करते हैं। यह विशेषता किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान किसी भी चीज़ की हो सकती है। विशेषणों द्वारा गुण-दोष, स्वभाव, रंग, आकार, स्वाद, संख्या, मात्रा आदि सभी की जानकारी मिलती है। जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, वे शब्द विशेष्य होते हैं।

शिक्षण-संकेत

❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को विशेषण शब्दों की पुनरावृत्ति करवाएँ। बच्चे पिछली कक्षा में विशेषता वाले शब्दों के बारे में पढ़ चुके हैं। कुछ वाक्य बोलें या ब्लैकबोर्ड पर लिखें और बच्चों से उनमें से विशेषण शब्द बताने को कहें।

❖ इसके उपरांत पाठ पृष्ठ 38 पर दिए चित्र के साथ दी गई कविता की पंक्तियाँ पढ़ें तथा उसमें आए विशेषण शब्दों को बच्चों को बताएँ।

❖ तदुपरांत चित्र के नीचे दिए गए रिक्त स्थान में प्रश्न पूछते हुए विशेषण शब्द बच्चों से लिखवाएँ।

❖ विशेष्य के बारे में समझाएँ। विशेषण-विशेष्य की परिभाषा याद करवाकर कक्षा में सुनें।

❖ पाठ पृष्ठ 39-40 पर दिए गुण-दोष वाले, माप-तौल तथा संख्या बताने वाले विशेषणों के उदाहरण पढ़वाएँ और समझाएँ।

❖ सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे विषय समझ पा रहे हैं।

❖ 'आपने सीखा' द्वारा पाठ के मुख्य बिंदु दोहरा लें।

❖ पाठ अभ्यास के मौखिक प्रश्न बच्चों से पूछें।

❖ अभ्यास करने में बच्चों की यथोचित सहायता करें।